और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि अधिसूचना संख्यांक का.आ. 3630 (अ), तारीख 15 अक्टूबर, 2020 का संशोधन करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के खंड (क) के अधीन नोटिस की अपेक्षा से अभिमुक्ति देना लोकहित में है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में संख्यांक का.आ. 3630 (अ), तारीख 15 अक्टूबर, 2020 द्वारा प्रकाशित अधिसूचना, का निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना में, पैरा 5 और पैरा 6 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा रखे जाएंगे, अर्थात्: -

"**5. मानीटरी समिति.** – केंद्रीय सरकार निम्नलिखित व्यक्तियों से मिलकर बनने वाली एक मानीटरी समिती का गठन करेगी, अर्थात्: -

| | | |
|---|---|---|
| (I) | कलेक्टर, कोल्हापुर | अध्यक्ष, पदेन; |
| (II) | कलेक्टर सिंधुदुर्ग का एक प्रतिनिधि | सदस्य, पदेन; |
| (III) | क्षेत्रीय अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य, पदेन; |
| (IV) | वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि, जिसे महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक तीन वर्ष में समय-समय पर नामित किया जाएगा। | सदस्य; |
| (V) | पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ को प्रत्येक तीन वर्ष में समय-समय पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा। | सदस्य; |
| (VI) | क्षेत्र के वरिष्ठ नगर नियोजक | सदस्य, पदेन; |
| (VII) | राजस्व विभाग, महाराष्ट्र सरकार का एक प्रतिनिधि | सदस्य, पदेन; |
| (VIII) | सिंचाई विभाग, महाराष्ट्र सरकार का एक प्रतिनिधि | सदस्य, पदेन; |
| (IX) | लोक निर्माण विभाग, महाराष्ट्र सरकार का एक प्रतिनिधि | सदस्य, पदेन; |
| (X) | मुख्य वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक, सह्याद्री बाघ परियोजना, कोल्हापुर का एक प्रतिनिधि | सदस्य, पदेन; |

